आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.10.2024 समय : 1905

- पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आज सुबह श्री विजय पुरम के पुलिस लाईन में स्मृति परेड का आयोजन किया गया।
- केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए ई–श्रम पोर्टल शुरू किया।
- भारत संचार निगम लिमिटेड की ओर से कैम्पबेल बे में सोलार पावर युक्त पांच नए टावर स्थापित किए जाएंगे।
- क्षेत्रीय संपर्क योजना – उड़े देश का आम नागरिक –आर. सी. एस. उडान के आज आठ वर्ष पूरे हो गये हैं।
- प्रादेशिक सेना में विभिन्न पदों के लिए द्वीपसमूह में भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आज सुबह श्री विजय पुरम के पुलिस लाईन में स्मृति परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक सिंधु पिल्लई ने शहीदी पुस्तिका से पुलिस के सभी शहीदों सहित होमगार्ड लीला देवी के नाम को पढ़ा गया। पुलिस कर्मियों की देश के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और सर्वोच्च बलिदान के सम्मान में हर वर्ष इक्कीस अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। आज के दिन उन्नीस सौ उनसठ में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में चीनी सैनिकों के घात लगाकर किये गये हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दस जवान शहीद हो गए थे। पिछले एक वर्ष के दौरान देशभर की पुलिस बलों के कुल दो सौ सोलह कर्मियों ने सेवा के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इन शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए लद्दाख में राष्ट्रीय स्मारक शहीद वेदी की स्थापना की गई है। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस की ओर से कानून व्यवस्था बनाए रखने और निस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा में अपना बलिदान देने वाले शहीदों को सम्मानित किया। स्मृति दिवस के सिलसिले में पुलिस विभाग की ओर से इक्कतीस अक्तूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे। परेड में पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, अवकाश प्राप्त पुलिस उप–अधीक्षक और शहीदों के परिजनों ने वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

<><><><><><><>

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए ई—श्रम पोर्टल शुरू किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पोर्टल असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक निर्बाध पहुंच प्रदान करेगा। उन्होंने श्रमिकों से पोर्टल पर पंजीकरण कराने और उनके लाभ के लिए बनाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। इस पोर्टल का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए बनाई गई विभिन्न सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी को एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है।

<><><><><><><>

भारत संचार निगम लिमिटेड की ओर से कैम्पबेल बे में सोलार पावर युक्त पांच नए टावर स्थापित किए जाएंगे। यह टावर सेना छावनी से लेकर इंदिरा प्वाइंट तक लगाई जाएगी। यह टावर बिना बिजली के भी कार्य करेगी।

उधर, रसोई गैस सिलेण्डर की अनियमित आपूर्ति को देखते हुए स्थानीय उपभोक्ताओं ने आज सीसीएस भवन के समक्ष शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। खंड विकास अधिकारी शेखर राय ने लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि शक्ति जहाज के सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है और पन्द्रह दिनों के भीतर सिलेण्डर की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत आज रंगत में खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्र के पंचायत समिति हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों, रोकथाम और उपचार पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने अपने संबोधन में मादक पदार्थों के इस्तेमाल को कम करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में स्रोत अधिकारी सब—इंस्पेक्टर अब्दुल साज़िद ने लोगों में नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली समस्याओं से निपटने और उससे बचने के बारे में बताया। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान, पंचायत सचिवों, आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकताओं सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

क्षेत्रीय संपर्क योजना — उड़े देश का आम नागरिक —आर. सी. एस. उडान के आज आठ वर्ष पूरे हो गये हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने इक्कीस अक्टूबर दो हजार सोलह को इस योजना का शुभारंभ किया था। उड़ान योजना देश के ऐसे क्षेत्रों में यात्रा सुधार पर केंद्रित है, जहां हवाई वायु यातायात संचालित नहीं हो रहा

था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके अंतर्गत सत्ताईस अप्रैल दो हजार सत्रह को पहली विमान सेवा का उद्घाटन किया था। योजना के शुभारंभ के बाद से, छः सौ से अधिक उड़ान मार्गों का संचालन किया गया है और एक करोड़ चौवालीस लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की है। इससे हवाई यात्रा सुविधा बढ़ाने में योजना की सफलता का पता लगता है। यह योजना अब तक देश भर के चौंतीस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जोड़ चुकी है। योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर क्षेत्र में दो हेलीपोर्ट के अलावा दस हवाई अड्डे भी चालू किये गये हैं। उड़ान योजना न केवल टियर–2 और टियर–3 शहरों को दूरदराज तक कनेक्टिविटी प्रदान कर रही है, बल्कि पर्यटन क्षेत्र में प्रमुख योगदान दे रही है। यह योजना हवाई कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास को गति देकर कई हवाई अड्डों के लिए गेम चेंजर बन गई है।

<><><><><><><>

प्रादेशिक सेना में विभिन्न पदों के लिए द्वीपसमूह में भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। नेताजी स्टेडियम में चार नवम्बर से दस नवम्बर तक बिहार और मद्रास बटालियन के लिए यह रैली चलेगी। बिहार बटालियन के लिए चार से सात नवम्बर तक और मद्रास बटालियन के लिए आठ से दस तारीख तक सुबह छः बजे से रैली का आयोजन किया जाएगा। अट्ठारह से बयालीस वर्ष के उम्मीदवार इसमें भाग ले सकते हैं। उम्मीदवारों का आठवीं पास होना अनिवार्य है।

<><><><><><><>

डीब्रेट में ग्रुप सी के तहत शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक के पद पर भर्ती के लिए कम्प्यूटर आधारित परीक्षा इक्कीस नवम्बर को सुबह साढ़े दस बजे से ली जाएगी। उम्मीदवार अपने प्रवेश पत्र तेईस अक्तूबर से सामान्य भर्ती पोर्टल से डाउनलोड कर सकते हैं।

उधर, स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट ग्रेड तीन के तहत लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच का कार्य किया जाएगा। उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ पच्चीस अक्तूबर को सुबह साढ़े नौ बजे से स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

बाराटांग पुलिस ने एक हत्या के प्रयास के मामले को कुछ ही घंटों में सुलझा लिया है। कदमतला पुलिस को एक सत्रह वर्षीय नाबालिग लड़की पर उसके दोस्त द्वारा जानलेवा हमले और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती की सूचना प्राप्त हुई। पीड़ित लड़की ने अपने बयान में बताया कि फ्लैट बे निवासी तेईस वर्षीय निजी ड्राइवर ने टूटे हुए बोतल से उसके गर्दन पर दो से तीन बार वार किया। कदमतला पुलिस ने ज़ीरो एफ आई आर दर्ज करते हुए मामले को बाराटांग थाना के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी सुरजीत भट्टाचार्या के

नेतृत्व में पुलिस टीम ने गहन तलाशी अभियान शुरू की और कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके पास से हमले में इस्तेमाल किए गए कांच की टूटी बोतल भी बरामद कर ली गई। आरोपी को गिरफ्तार कर मायाबंदर के अदालत में पेश किया गया और वहां से उसे चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जांच के दौरान आरोपी का डिगलीपुर के अपहरण मामले में भी शामिल होने का पता चला। यह मामला अदालत में विचाराधीन है और आरोपी जमानत पर था। इस पूरे मामले को एस डी पी ओ रंगत राहुल एल नायर की निगरानी में अंजाम दिया गया।

**<><><><><><><>**

पुणे महाराष्ट्र में एक से छः दिसम्बर तक आयोजित होने वाले चवालीसवीं जूनियर और सातवीं इंटर स्टेट चैलेंजर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। ट्रायल छब्बीस अक्तूबर को सुबह छः बजे से सीपीघाट स्थित जलक्रीड़ा परिसर में लिया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी अपने नाम पच्चीस अक्तूबर तक रामा राव के पास दर्ज करा सकते हैं।

**<><><><><><><>**